संख्या-51/2019/1118ई-2/तेरह-2019-56/13

प्रेषक,

कृत्तिका ज्योत्स्ना,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

आबकारी आयुक्त,
उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।

आबकारी अनुभाग-2 लखनऊः दिनांक 29 मई, 2019

विषयः- प्रदेश में स्थापित की जाने वाली नई आसवनियों एवं वर्तमान में स्थापित आसवनियों की पेय क्षमता निर्धारित किए जाने हेतु उत्तर प्रदेश आबकारी (आसवनी स्थापना) (तेरहवां संशोधन) नियमावली, 2019 के अनुसार प्रस्ताव उपलब्ध कराने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषय में उल्लेखनीय है कि प्रदेश में आसवनियों की कार्य प्रणाली में पारदर्शिता लाने, उन्हें तकनीकी रुप से उच्चीकृत करने, उत्पादकता एवं ऊर्जा दक्षता बढ़ाने, पर्यावरणीय मानकों का अनुपालन करने तथा उत्पाद पर सतत् निगरानी रखने के दृष्टिगत अधिसूचना दिनांक 02.03.2019 द्वारा प्रख्यापित ''उत्तर प्रदेश आबकारी (आसवनी की स्थापना) (तेरहवां संशोधन) नियमावली, 2018'' में आसवनियों के लिए नयी पेय क्षमता निर्धारित करने अथवा वर्तमान पेय क्षमता में वृद्धि करने एवं औद्योगिक/कैप्टिव आसवनियों को उनकी अधिष्ठापित क्षमता का 90 प्रतिशत तक पेय मदिरा निर्माण करने का प्रविधान कतिपय शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन किया गया है।

2- अतः इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि आसवनियों के लिए नयी पेय क्षमता निर्धारित करने अथवा वर्तमान पेय क्षमता में वृद्धि करने एवं औद्योगिक/कैप्टिव आसवनियों को उनकी अधिष्ठापित क्षमता का 90 प्रतिशत तक पेय मदिरा निर्माण करने की अनुमति प्रदान किए जाने सम्बन्धी प्रस्ताव ''उत्तर प्रदेश आबकारी (आसवनी की स्थापना) (तेरहवां संशोधन) नियमावली, 2018'' के प्राविधानों के अनुसार सम्यक परीक्षणोपरान्त शासन को उपलब्ध कराये जायें। उक्त नियमावली से संबंधित अधिसूचना निर्गत होने की तिथि दिनांक 02.03.2019 से तद्विषयक शासनादेश संख्या-5082 ई-2/तेरह-200/93, दिनांक 20 दिसम्बर, 1993 का प्रस्तर-2(3) विलोपित किया जाता है एवं शासनादेश संख्या-2612 ई-2/तेरह-05-374/98, दिनांक 05 सितम्बर, 2005 निरस्त किया जाता है।

कृपया तदनुसार आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

भवदीया,

(कृत्तिका ज्योत्स्ना)
विशेष सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in